02
विद्यार्थियों को किया सम्मानित

आज समाज

www.aajsamaaj.com

04
सीतारमण ने दी खेलों व अन्य एक्टिविटिस में प्रतिभा निखारने की सलाह

विवार, 29 मई 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, मूल्य 2.00 रुपए

आग बुझाने के बारे में दी जानकारी

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के भौतिक विभाग द्वारा 28 मई 2022 को नई दिल्ली स्थित रक्षा अनुसंधान एवम विकास संस्थान के सहयोग से महाविद्यालय के सभागार में विषय पर आधारित एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल सरंक्षण में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. ललिता गुप्ता, वैज्ञानिक एफ, डीआरडीओ, नई दिल्ली थी। मंच संचालिका डॉ. निशा गिल के द्वारा सभी अतिथिगण का स्वागत किया गया एवम कमल टंडन, कार्यवाहक प्राचार्य ने अतिथि का पौधा भेंट करके सत्कार किया। तदोपरांत मुख्य अतिथि एवम वक्ता डॉ. ललिता गुप्ता ने अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने आग की परिभाषा के साथ आग के प्रकारों के बारे में बताया। उन्होंने बताया की किसी जगह पर आग लगने के क्या कारण हो सकते हैं और उन कारणों व कारकों के अनुसार आग को कैसे बुझाया जाए। वक्ता ने इस बात पर भी प्रकाश डाला की आग लगने की आपातकालीन स्थिति में कैसे अपनी और साथियों की जान बचाई जा सकती है। इस व्याख्यान में लगभग 143 छात्रों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल निर्देशन में कराया गया। अंत में रविन्द्र जैन ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. अजीत यादव, मनीष शर्मा, शिवानी, अर्चना, दीपिका एवम विकास भी मौजूद रहे। सुरक्षा पर आधारित इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों जरूरत के समय पर सही कदम उठाने के लिए प्रेरित करते हैं।